दैनिक प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code UPBIL 05086
वर्ष :- 02 अंक :- 01 मुरादाबाद 22 April 2022 (Friday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## सीएम योगी आदित्यनाथ की दो टूक - धार्मिक आयोजन में माहौल खराब होने पर हर स्तर पर तय होगी जवाबदेही



लखनऊ-धार्मिक जुलूस तथा धार्मिक स्थल पर लाउडस्पीकर को लेकर कई राज्यों में मचे बवाल के बीच सीएम योगी आदितत्यनाथ ने प्रदेश में आने वाले त्यौहार को देखते हुए अपनी तैयारी मुस्तैद कर ली है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने टीम-09 के साथ गुरुवार को समीक्षा बैठक में सभी की जिम्मेदारी भी तय की है। ईद के साथ ही अक्षय तृतीय को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने जिला तथा पुलिस प्रशासन की तैयारी को परखा। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिया किबिना विधिवत अनुमति के किसी भी स्थान पर कोई शोभायात्रा या धार्मिक जुलूस न निकाली जाए। इसकी अनुमति देने से पहले सभी आयोजक से शांति-सौहार्द कायम रखने के संबंध में शपथ पत्र लिया जाए। इसमें भी किसी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन नहीं किया जाना चाहिए। अगर कहीं पर भी माहौल खराब हुआ तो हर स्तर पर जवाबदेही तय की जाएगी। धार्मिक स्थल पर लाउडस्पीकर के प्रयोग को लेकर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि पूर्व से अनुमति से लगे लाउडस्पीकर चल सकते हैं, लेकिन आवाज बाहर न आए। इसके साथ ही अब धार्मिक स्थल पर बिना अनुमति के लाउडस्पीकर अब नहीं लग पाएंगे। उत्तर प्रदेश में अब नए स्थानों पर माइक और लाउडस्पीकर लगाने की अनुमति नहीं जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर किसी को अपनी उपासना पद्धति मानने की स्वतंत्रता है। प्रदेश में पहले से जिस धार्मिक स्थल पर लाउडस्पीकर लगा है, वहां पर उसका प्रयोग किया जा सकता है। इसके साथ ही यह भी तय किया जाना चाहिए कि उसकी आवाज धार्मिक स्थल परिसर के बाहर ना आए। लाउडस्पीकर की आवाज से अन्य लोगों को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। अब कहीं पर भी जिला तथा पुलिस प्रशासन नए स्थलों पर लाउडस्पीकर लगाने की अनुमति ना दे।

### यूपी में अब जन्म के समय ही मिलेगा जाति प्रमाण पत्र, CM योगी ने दिया आदेश

उत्तर प्रदेश में अब बच्चे के जन्म के समय ही उसका जाति प्रमाण पत्र भी बन जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसका निर्देश दिया है। उन्होंने सरकारी दफ्तरों के कामकाज में आसानी लाने और समयबद्ध ढंग से काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने आदेश दिया कि आवेदन के 15 दिनों के अंदर जाति प्रमाण पत्र मिलना सुनिश्चित कराएं। नवजात शिशुओं को जन्म प्रमाण पत्र के साथ जाति प्रमाण पत्र वितरण करने की व्यवस्था की जाए। मुख?यमंत्री ने कहा कि अगले दो वर्षों में कम से कम 30 हजार महिलाओं को चयनित और प्रशिक्षित कर मनरेगा कार्यों में संबद्ध किया जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गांवों में नागरिक व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि हर बेघर को घर देने के लिए 13 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और 1.5 लाख परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत मकान देने के लिए काम शुरू किया जाए।

## पंजाब के सीएम रबर का गुड्डा हैं, दिल्ली से चल रही है सरकार; सिद्धू ने भगवंत मान पर बोला हमला



पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने राज्य के मुख्यमंत्री भगवंत मान को रबर का गुड्डा करार दिया है। कांग्रेस नेता ने विपक्ष के उस आरोप को भी सही ठहराया कि दिल्ली से आम आदमी पार्टी (AAP) के नेतृत्व में पंजाब में सरकार चला रही है। सिद्धू ने यह भी दावा किया कि भगवंत मान के सत्ता की गद्दी पर बैठने के बाद कानून व्यवस्था में भारी गिरावट देखने को मिली है। सिद्धू ने पूर्व विधायक नवतेज सिंह चीमा और अश्विनी सेखरी के साथ पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित से चंडीगढ़ में मुलाकात की और बैठक के दौरान राज्य की कानून व्यवस्था सहित विभिन्न मुद्दों को उठाया। मुलाकात के बाद कांग्रेस नेता ने कहा कि राज्यपाल ने धैर्य से उनकी बात सुनी। सिद्धू ने कहा, उन्होंने ज्वलंत मुद्दों पर अपनी चिंता व्यक्त की। पंजाब में कांग्रेस इकाई के पूर्व अध्यक्ष सिद्धू ने कहा कि मान सरकार के अधीन राज्य की कानून व्यवस्था में तेजी से गिरावट आ रही है। उन्होंने दावा किया कि पिछले एक महीने में राज्य में 40 लोगों की हत्या हुई है। सिद्धू ने सवाल किया, क्या वह ( भगवंत मान ) पंजाब की चिंता करते हैं? उन्होंने कहा, रब्बर का गुड्डा पंजाब का मुख्यमंत्री बन गया है।

### AAP पुलिस का राजनीतिकरण कर उसका इस्तेमाल कर रही

सिद्धू ने दिल्ली से %रिमोट कंट्रोल% के जरिए आप नेता अरविंद केजरीवाल की ओर से पंजाब की सरकार चलाने के विपक्ष के आरोप की ओर इशारा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब सरकार पुलिस का इस्तेमाल उनको निशाना बनाने के लिए कर रही है जो केजरीवाल के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। सिद्धू ने कहा, आप पुलिस का राजनीतिकरण कर उसका इस्तेमाल अपने हित में करने के लिए कर रही हैं। यह बदलाव है या बदला...बदले की राजनीति की शुरुआत हो गई है।

### पुलिस ने कुमार विश्वास और लांबा को जारी किया है समन

बता दें कि सिद्धू की यह टिप्पणी आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कथित भड़काऊ बयान देने के मामले को लेकर पूर्व आप नेता कुमार विश्वास और कांग्रेस नेता अल्का लांबा के घर पंजाब पुलिस के पहुंचने के एक दिन बाद आई है। दोनों नेताओं को पूछताछ के लिए 26 अप्रैल को समन किया गया है।

## अखिलेश के बयान पर शिवपाल का पलटवार, बोले-SP के 111 विधायकों में से एक हूं; दिक्कत है तो पार्टी से निकाल दें



समाजवादी पार्टी में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश सिंह यादव और उनके चाचा शिवपाल सिंह यादव के बीच सियासी रिश्तों की कड़वाहट खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। इस बीच गुरुवार को शिवपाल ने अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि वह सपा के 111 विधायकों में से एक हैं। यदि अखिलेश को कोई दिक्कत है तो उन्हें पार्टी से निकाल दें। न्यूज 18 से हुई बातचीत में शिवपाल ने कहा कि हमने सपा के चुनाव चिह्न साइकिल से चुनाव लड़ा है। यदि उन्हें ऐसा लगता है तो तुरंत निर्णय लें और हमें विधानमंडल दल से निकाल दें। गौरतलब है कि कल शिवपाल यादव के भाजपा के साथ संपर्कों के बारे में पूछे जाने पर अखिलेश यादव ने कहा था कि जो भाजपा से मिलेगा, वह सपा में नहीं दिखेगा।

### राजभर से नहीं हुई कोई बात

सुभासपा के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के इस दावे कि शिवपाल उनके सम्पर्क में है, पर शिवपाल ने साफ किया कि अभी उनके बीच कोई बात नहीं हुई है। शिवपाल ने कहा कि राजभर के बयान में कोई गंभीरता नहीं। फोन जरूर आया है लेकिन कोई बात नहीं हुई है। हो सकता है उनकी मेरे नाम के किसी दूसरे व्यक्ति से बात हुई हो। राजनीति में स्?तरीयता बहुत जरूरी है। जब उनकी बातों में स्तरीयता नहीं है तो उनके बयान पर कोई गंभीरता से हम बात नहीं करेंगे।

### आजम खान से जल्द मुलाकात करेंगे

कल रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी के आजम खान के परिवार से मुलाकात पर शिवपाल ने कहा कि राजनीति में शिष्टाचार बहुत जरूरी है। वह भी आजम खान के परिवार के सम्पर्क में लगातार हैं और जल्द ही वह भी आजम खान से मुलाकात करने जाएंगे। एक अन्य सवाल के जवाब में शिवपाल ने कहा कि चुनाव से पहले उन्होंने जेल में आजम खान से मुलाकात की थी। उनका स्वास्थ्य बहुत अच्छा नहीं है। उनके साथ जो उत्पीड़न हो रहा है वो ठीक नहीं है। राजनीति में बदले की भावना से काम नहीं करना चाहिए।

# लाल सोने की लूट बदस्तूर जारी संबंधित अधिकारी मोन

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बांदा- जनपद की ग्राम पंचायत अछरोड की खदान में हो रहा अवैध खनन नदी का सीना चीर कर बड़ी बड़ी मशीनों से पानी के अंदर से खोद कर निकाल रहे हैं बालू खदान में ही ट्रक को किया जाता ओवर लोड कांटे में लगा कैमरा बना शोपीस केमरे को इस तरह से लगाया गया की उसमे कभी ओवर लोड दिखाई ही नहीं देता। सब कुछ जानते हुए भी प्रशासन हुआ मौन, कब होगी ऐसी खदानों में कार्यवाही सरकार को करोड़ों रुपये



का चूना लगा रहे खदान संचालक हमेशा से मीडिया की सुर्खियों में रही इस खदान पर अधिकारी कार्यवाई करने से डरते नजर आते हैं। जब कभी खदान गए भी तो अधिकारियों के आने की पहले सूचना मिलते ही मशीनों को दूर ले जाया खड़ा कर दिया जाता है। अधिकारी के वापस जाते ही पुनः खनन शुरू कर दिया जाता है। इस खदान के मालिक का सूचना तंत्र इतना तेज है की कब कोन अधिकारी खदान आएगा सारी जानकारी पहले ही मिल जाती हैं। सारे केमरे ठीक पोजिशन पर कर देने के साथ साथ सब कुछ ठीक ठाक दिखाया जाता है । पर अधिकारी के वापस जाते ही पुनः उसी तरह से अवैध खनन वा परिवहन कर शुरू कर दिया जाता है। अब देखने वाली बात है की इस खदान से ओवर लोडिग पर कब और कैसे जिला प्रशासन अंकुश लगाया है।

# स्कूली वाहनों के प्रति सड़क सुरक्षा मानकों के अनुरुप चेकिंग की गयी



पवन कुमार
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

उरई/जालौन सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) उमेश कुमार सिंह ने ड्ढ्ढड्ड4ड्ड कि शासन के पत्र एवं अपर परिवहन आयुक्त (स0सु0), उत्तर प्रदेश के पत्र द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में आज दिनाँक: 21 अप्रैल, 2022 को सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय में बस/ट्रक/टैम्पों/टैक्सी/ऑटो/ई-रिक्शा चालकों को फर्स्ट रेसपान्डर तथा गुड सेमेरिटन की योजना के बारे में प्रशिक्षण दिया गया एवं स्कूली वाहनों के प्रति सड़क सुरक्षा मानकों के अनुरुप चेकिंग की गयी। प्रशिक्षणोपरान्त प्रश्नकाल का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित सभी वाहन चालकों द्वारा शहर के भीतर अथवा राजमार्ग पर वाहन चलाते समय आने वाली कठिनाइयों से संबंधित प्रश्न पूछे गये व सुझाव दिये गये तथा कार्यक्रम का समापन सड़क सुरक्षा शपथ दिलाकर किया गया।अन्त में श्री सौरभ कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी श्री उमेश कुमार सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) श्री अमित वर्मा, निरीक्षक द्वारा कार्यालय में चालक लाइसेंस के आवेदकों व फिटनेस कार्य हेतु आये वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा व कोविड-19 की जानकारी देते हुए जागरुक किया। उक्त कार्यक्रम में कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जन समस्याओं को लेकर क्षेत्र की जनता के साथ भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ने एसीएम सेकंड को ज्ञापन दिया

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने धनीपुर के विकास कार्य जन समस्याओं को लेकर जनता के साथ जयपुर जीटी रोड पर एसीएम सेकंड को जिला अधिकारी के नाम जन समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ज्ञापन में कहां है कि महानगर एवं नगर निगम के अंतर्गत धनीपुर में सड़क निर्माण एवं सारे हेड पंप खराब पड़े हैं अति शीघ्र ठीक कराए जाने एवं जो छोटी-बड़ी करते हैं उनको बनवाए जाने के लिए भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने अति शीघ्र समाधान एवं निदान कराने हेतु जनता की मांग को लेकर मांग पत्र एवं ज्ञापन प्रेषित किया है भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि भगवान देवी के घर से लेकर राशन डीलर शिवचरण के घर तक सड़क का निर्माण कार्य होना है राजकुमार की दुकान से लेकर प्यारेलाल के घर एवं शिव मंदिर तक इस सड़क का निर्माण कार्य होना है पुराने पंचायत घर से लेकर धोबी वाली पोखर तक इस राष्ट्र का भी



निर्माण कार्य होना है उन किसानों एवं जनता की तरफ से इन सभी समस्याओं को लेकर एसीएम को ज्ञापन दिया भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि गांव धनीपुर में जितने भी सरकारी हैंडपंप खराब पड़े हैं उनको तत्काल ठीक कराया जाए पीने की पानी की जनता को काफी असुविधा हो रही है यह सुविधा पूरी उपलब्ध कराई जाए अभी जन समस्याओं को लेकर एसीएम सेकंड को जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन प्रेषित किया है उनको बता दिया गया है भाजपा किसान मोर्चा महानगर की तरफ से जो आप को ज्ञापन प्रेषित किया जा रहा है इस पर तत्काल अमल किया जाए यह किसानों एवं जनता की समस्या है इसे अनदेखी नहीं किया जा सकता इस पर तत्काल अमल किया जाए भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने एसीएम के साथ प्राइमरी पाठशाला जूनियर हाई स्कूल आसपास बढ़ा हुआ पानी एवं जनसमस्याओं को घूम करके देखा महानगर अध्यक्ष किसान मोर्चा भाजपा ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने एसी एम को सारी समस्याओं को दिखाया तत्काल समस्याओं का समाधान करने की मांग भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने की है उनके साथ जितेंद्र कुमार विशाल सिंह सोनू सचिन कुमार सिंह अनिल कुमार सिंह देवेश कुमार विश्व कान सिंह विष्णु प्यारेलाल भगवान देवी महेश चंद्र डॉक्टर पिंटू सिंह आदि गांव के सैकड़ों से अधिक किसान एवं महिलाएं उपस्थिति

# पिता ने 17 वर्षीय बेटी को घर के पीछे कर दिया था दफन, पुलिस ने निकाला शव

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




बांदा -जनपद के नरैनी थाना क्षेत्र का है । यहां पर एक पिता ने अपनी बेटी की संदिग्ध अवस्था में मौत के बाद उसकी लाश घर के बाहर बाड़े में ही दफन कर दिया। पुलिस ने सूचना मिलने पर दफन की गई लड़की की लाश को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना नरैनी थाना क्षेत्र के बजरंग चौराहा का है। यही पर रहने वाले देशराज ने अपनी 17 वर्षीय बेटी रैना के मर जाने के बाद घर के बाहर बुधवार को सवेरे दफन कर दिया था। इस मामले की सूचना मुखबिर द्वारा पुलिस को दी गई। पुलिस ने रात में ही पहुंचकर इस मामले में पिता से पूछताछ की। पिता ने बताया कि मेरी बेटी ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली है इसलिए मैंने शव को घर के बाहर दफन कर दिया है। लेकिन पुलिस को इसकी बातों पर विश्वास नहीं हुआ और पुलिस ने दफन की गई लड़की की लाश को जमीन से खोदकर बाहर निकलवाया और आज गुरुवार को पोस्टमार्टम कराया है। इस बारे में क्षेत्राधिकारी नरैनी नितिन कुमार ने बताया कि लडकी की संदिग्ध अवस्था में हुई मौत जांच के लिए पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद इस मामले में कार्रवाई की जाएगी

# 20 ली0 नाजायज कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार तिवारी मय पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त तेजराम पुत्र स्व0 प्रभु निवासी पश्चिमी केवटन पुरवा दा0 सेमगढा थाना इकौना जनपद श्रावस्ती को 20 लीटर नाजायज कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना इकौना पर मु0अ0सं0 89/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया ।

# तमंचे की नोक पर दो युवकों ने महिला से किया दुष्कर्म

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- हरदुआगंज थाना क्षेत्र के एक गांव का है जहां महिला के साथ दो युवकों ने तमंचे के बल पर बलात्कार किया। पति नोएडा रहकर गाड़ी चलाता है। घटना के वक़्त पति घर पर नही था। महिला का आरोप है कि प्रधान ने पुलिस से साठगांठ कर उससे और उसके पति से कोरे कागज पर सिग्नेचर ले लिए। महिला ने बताया कि पीड़ित महिला घर पर अकेली थी तभी गांव के दो युवक घर मे घुस आए , बदनियति से महिला को दबोच लिया । महिला ने शोर मचाने की कोशिश की तो युवक ने गर्दन पर तमंचा रख कर युवकों ने बारी-बारी से महिला के साथ बलात्कार किया। उसी समय 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी मौके पर पुलिस आ गई पुलिस ने उक्त लोगों को तलाश किया तो वह भाग गए ।

**अन्य खबरों के लिए देखे**
**WWW.KNLSIVE.COM**

# चतुर्थ सड़क सुरक्षा सप्ताह पर सड़क सुरक्षा सम्बन्धी पम्पलेट वितरण

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-चतुर्थ सड़क सुरक्षा सप्ताह के तृतीय दिवस बुधवार को कार्यक्रम के अन्तर्गत सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी विनीत कुमार मिश्र तथा यात्रीकर अधिकारी रणवीर सिंह चौहान द्वारा हेलमेट, सीटबेल्ट, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग, गलत दिशा में वाहन चलाने तथा ड्रंकन ड्राइविंग के विरूद्ध चेकिंग की गयी तथा चेकिंग के दौरान उल्लंघनकर्ताओं को कोविड-19 से बचाव व सड़क सुरक्षा सम्बन्धी वीडियो क्लिप को मोबाइल पर



दिखाया गया तथा लोगों को सड़क सुरक्षा सम्बन्धी पम्पलेट का वितरण भी किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रधान सहायक टी0एन0 भट्ट, लेखाकार सुरेन्द्र कुमार, वरिष्ठ सहायक शिवम् सिन्हा, वरिष्ठ सहायक सचिन शुक्ला, कनिष्ठ सहायक सुरेश कुमार मालवीय, कनिष्ठ सहायक राकेश कुमार, डीबीए पंकज कुमार कनौजिया, प्रवर्तन सिपाही असलम अली एवं रंजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# लूट और जानलेवा हमले में में दरोगा के बेटे समेत तीन गिरफ्तार



मुरादाबाद- लूट और जानलेवा हमले में पुलिस ने बरेली में तैनात एसआई जितेंद्र कुमार के बेटे अमन चौधरी समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक मामले में एक अरोपी विकुल को पुलिस ने बुधवार रात मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया था। आरोपियों के पास से महिला से लूटा गया कुंडल, तमंचा और कारतूस बरामद किया गया है। एसपी सिटी ने बताया कि नशे के लिए आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया था।पाकबड़ा थाना क्षेत्र में हकीमपुर रेलवे फाटक के पास शनिवार सुबह बाइक सवार दो बदमाशों ने असमोली चीनी मिल के कर्मचारी राम सिंह को गोली मार दी थी। गोली लूटपाट के विरोध पर मारी गई थी। उसी दिन बाइक सवार बदमाशों ने मझोला थाना क्षेत्र के ज्ञानपुर में राजेंद्री देवी पत्नी दीवाकर सिंह से कुंडल लूट लिए थे। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि वारदात के बाद से पुलिस की अलग-अलग टीमें जांच पड़ताल में जुटी थीं। पड़ताल के बाद एसएचओ मझोला धनंजय सिंह की टीम ने इस मामले में सिविल लाइंस के अवंतिका कालोनी निवासी अमन चौधरी और आशियाना फेज-2 निवासी अमन ठाकुर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने वारदात करने की बात स्वीकार की। साथ ही यह भी बताया कि चीनीमिल कर्मचारी राम सिंह को भोजपुर के गांव गौहरपुर निवासी विकुल ने गोली मारी थी, जबकि अमन चौधरी बाइक चला रहा था। एसएसपी ने आरोपी विकुल की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया था। एएसपी सागर जैन ने बताया कि बुधवार देर शाम पुलिस को सूचना मिली की आरोपी विकुल नया मुरादाबाद इलाके में हैं। पुलिस ने उसकी घेराबंदी की तो आरोपी ने तमंचे से पुलिस के ऊपर फायर झोंक दिया। गोली सिपाही अंकित कुमार के हाथ में लगी थी। जवाब में पुलिस की फायरिंग में विकुल के पैर में गोली लगी। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 315 बोर का एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस और मझोला में महिला से लूटा गए एक कुंडल बरामद किया गया है। जबकि दूसरे आरोपी अमन चौधरी ने भी एक तमंचा, दो कारतूस और महिला से लूटा गया एक कुंडल बरामद किया गया है। आरोपी अमन ठाकुर के पास से दोनों वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई है।

### स्मैक का महंगा नशा करने के लिए बन गए लुटेरे

एएसपी सागर जैन ने बताया कि पुलिस गिरफ्तार में आए लूट और जानलेवा हमले के तीनों आरोपी नशेड़ी हैं। स्मैक का नशा करते हैं। वारदात से पहले 18 अप्रैल को तीनों शहर के एक होटल में रुके थे। रात भर वहां पार्टी करने के बाद मंगलवार सुबह अमन ठाकुर की बाइक लेकर आरोपी अमन चौधरी और विकुल लूट करने के लिए निकल पड़े। आरोपियों ने पुलिस से बचने के लिए बाइक की नंबर प्लेट को गमछे से ढक दिया था ताकि कोई गाड़ी न पहचान सके। दोनों हकीमपुर रेलवे फाटक के पास पहुंचे थे। उस समय अमन चौधरी बाइक चला रहा था और विकुल पीछे बैठा था। आरोपी विकुल ने ही तमंचे से मिलकर्मी को गोली मारी थी। आरोपी अमन चौधरी और अमन ठाकुर दोनों इसी साल 12वीं की परीक्षा दी हैं। आरोपी अमन चौधरी के पिता जितेंद्र कुमार यूपी पुलिस में एसआई हैं और वर्तमान में बरेली कोतवाली में तैनाती है। बकौल पुलिस नशे का आदी हो चुके अमन चौधरी जब घर से स्मैक के लिए पर्याप्त पैसा नहीं मिला तो अपने दोस्तों के साथ वारदात करने के लिए तैयार हो गया। महंगे शौक पूरे करने के लिए ही आरोपी ने लूट ओर जानलेवा हमला जैसी वारदात को भी अंजाम दे दिया।

# मकान नाम में ना करने पर पिता ने बेटे को दी धमकी



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -खुशालपुर निवासी पिता का आरोप शादी के बाद से बेटा चाहता है मकान हड़पना मकान नाम में ना करने पर पिता ने बेटे को दी धमकी पूरा मामला मुरादाबाद जनपद के थाना मझोला इलाके के खुशालपुर चौकी क्षेत्र बसंत विहार कॉलोनी गली नंबर 4 से सामने आया है जहां श्याम सुंदर नामक पिता ने अपने बेटे अंकित पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि मेरा बेटा अंकित शादी के कुछ ही दिनों के बाद हमारे मकान पर बुरी नियत से हड़पना चाहता है पिता का आरोप है कि जब मैंने अपने बेटे को मकान नाम में करने से इनकार कर दिया तभी मेरा बेटा मेरे साथ अभद्रता कर मारपीट करते हुए घर छोड़कर अपनी पत्नी के साथ कहीं किराए के कमरे में चला गया पिता का आरोप है कि मेरा बेटा अंकित घर में रखी ज्वेलरी और 50 हजार रुपए लेकर अपनी पत्नी के साथ फरार हो गया दरअसल पिता श्याम सुंदर ने बताया कि मैंने अपने बेटे की शादी 1 साल पहले करन सिंह निवासी कुंदनपुर उनकी बेटी मोनी कश्यप से की थी वही शादी के कुछ दिनों के बाद मेरा बेटा अंकित और उसकी पत्नी मोनी मकान नाम करने को लेकर हम पर अक्सर दबाव बना रहे थे पिता का कहना है कि मेरे दो बेटे हैं और जब तक मैं जिंदा हूं मैं जीते जी मकान किसी के नाम नहीं कर सकता वही पिता ने अपने ही छोटे बेटे अंकित और उसकी पत्नी मोनी से अपनी जान का खतरा बताते हुए खुशालपुर चौकी और मुख्यमंत्री के नाम एक प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है

# विधानसभा चुनाव को लेकर समीक्षा



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - गुरुद्वारा रकाबगंज रोड पर माननीय जितेंद्र सिंह जी पूर्व गृह राज्य मंत्री भारत सरकार द्वारा जनपद मुरादाबाद के संगठन एवं विधानसभा चुनाव को लेकर समीक्षा की गई आगामी लोकसभा चुनाव में 2024 को लेकर भी चर्चा की गई समीक्षा में जिला अध्यक्ष असलम खुर्शीद महानगर अध्यक्ष अनुभव मल्होत्रा विधानसभा 29 कुंदरकी से प्रत्याशी दरक्षा बेगम जिला कांग्रेस कमेटी अल्प संख्यक विभाग के चेयरमैन अफजल साबरी अरमान खुर्शीद दाउद खान विजय मिश्रा आदि मौजूद रहे

# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मुरादाबाद में बृहद अप्रेन्टिस मेले का आयोजन किया गया



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मुरादाबाद में बृहद अप्रेन्टिस मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारम्भ विशिष्ट अतिथि श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह, जिलाधिकारी ने फीता काटकर किया। इस मेले में कुल 51 अधिष्ठानों जैसे डिजाइनकों मुरादाबाद, पशुपति एक्रीलोन ठाकुरद्वारा, जीनस पेपर्स अगवानपुर, आकाक्षां आटोमोबाईल, अर्जुन बासु हुण्डाई, आशीष आटोमोबाईल, दीवान शुगर मील, सी0एल0गुप्ता आई इन्सटीट्यूट, मार्क इम्पैक्स, विद्युत विभाग, पी0डब्ल्यू0डी0, नगर निगम, जनपद की समस्त प्राईवेट आई0टी0आई0, आर0ए0 मोटर्स, सिचांई विभाग, सिद्ध हास्पीटल एवं वित्रेणी इन्जीनियरिंग इण्डस्ट्री इत्यादि ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। इस मेले में कुल 499 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। तथा इन उपस्थित अभ्यर्थियों में से कुल 165 अभ्यर्थी अप्रेन्टिस हेतु विभिन्न अधिष्ठानों द्वारा चयनित किये गये। चयनित होते ही अभ्यर्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर चयनित अभ्यर्थियों को मा0 विधायक श्री रितेश कुमार गुप्ता, जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं श्री टी0पी0कौशिक प्रधानाचार्य राजकीय आई0टी0आई0 मुरादाबाद द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गयी। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक श्री एम0आर0उस्मानी, उपायुक्त जिला अद्योग एवं प्रोत्साहन केन्द्र मुरादाबाद श्री अनुज कुमार, सहायक निदेशक सेवायोजन श्री कमल किशोर, मोहनीश कुमार ( मेला प्रभारी ), उमेश चन्द्र सिंह ( वरि0सहा0 ) एवं संस्थान के समस्त कर्मचारी पूर्ण सहयोग के साथ उपस्थित रहे।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेशद्ध से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Return of masks

The increasing cases of corona in India have again brought back some restrictions. When people have come out of the restrictions and started living a normal life, then the infection has again displayed its terror. Masks have not only returned in the national capital, but those who do not wear masks will also have to pay a fine of Rs 500. Taking this tough decision in the meeting of Delhi Disaster Management Authority on Wednesday, masks have been made mandatory. There was also a discussion about schools whether schools should be made online again to curb the infection. More than the children who have barely come out of their homes, their parents are worried, because some days the infection is showing more in the children. Some schools had to be closed last week. However, it has been decided that the schools will remain open for now. It is not only necessary to keep the schools open, it is also a compulsion. It is not easy to compensate for the loss of education. Apart from this, the management of schools has also been affected, under the current school structure it is a serious imperative for schools to go offline. Detailed guidelines will be issued in the coming days in Delhi. The doctors are keeping a close watch on the situation. It has also been discussed in the meeting that the cases of corona are not such that hospitalization is required. Most of the children who have been infected are being treated at home. Therefore, people associated with schools and disaster management are still in favor of checking the speed of infection. For the next 15 days, the proportion of patients admitted in hospitals will be understood. It has also been decided to conduct genome sequencing of all samples found infected in RT-PCR test. Investigation will also be increased, but for this people themselves will have to come forward. The medical department will have to see that there should not be any shortage in the facilities of investigation. Many times people prefer treatment only, avoiding the trouble of investigation. Whereas the test and its results are necessary to monitor the trend of infection. The government has decided that if all the people with symptoms will be tested, then arrangements will also have to be made for this in government hospitals at different places. people who have passed away from corona are suffering from various diseases in large numbers. Then talking about Delhi, 632 new cases of corona infection have been reported on Tuesday. The infection rate is still a cause for concern. Between April 11 and 18, Delhi has seen a nearly three-fold increase in daily cases, hence Delhi is being seen as the new epicenter of Corona in the country. Therefore, strictness is the need of the hour, so that the situation does not get out of hand in the National Capital Region, which has gained full momentum after the lockdown. Doctors already believe that people of weak health should always wear masks. Of course, schools will remain open, but schools have to show utmost care and vigilance. The governments of Delhi, Haryana, Uttar Pradesh, Maharashtra and Mizoram have also been alerted by the Center. Meaning, the fight with Corona should not be considered over yet.

## Aladdin's 'Yasmin' Avneet Kaur got 'hot' photoshoot done in Thai high one piece dress, fans said, 'Osam' after seeing the charming style



Avneet Kaur, who plays Yasmin in Aladdin Naam Toh Suna Hoga, has shared pictures from her recent bold photoshoot. In this, she can be seen wearing a green one piece Thai high dress. Apart from this, she is also wearing many jewellery. She has put on lipstick. Her hair is open. Sharing the pictures, Avneet Kaur has written, 'Hey WhatsApp' Apart from this, she has also shared the emoji of heart and fire. Avneet Kaur is looking very beautiful in pictures - in pictures Avneet Kaur looks very beautiful. And also shared the emoji of fire. Many people have commented like looking stunning, beautiful and osm. Avneet Kaur is a TV actress. She has appeared in many television shows. Her roles have been well-liked. Avneet Kaur in her recent bold photoshoot recently shared pictures of - Avneet Kaur Pani had shared pictures from her recent bold photoshoot. In this she can be seen doing a photoshoot in a bold style wearing a black crop top and blue colored denim. She shared a total of four pictures. In the first picture she is seen leaning forward. And she is looking at the camera. While in the second photo she is posing boldly in a different style. Avneet Kaur has a huge fan following on social media - Avneet Kaur has a huge fan following on social media. She has 30 million on Instagram. Has followers, due to this his post becomes viral very fast.

## Lock Upp: Big disclosure of Saisha Shinde, said - people get clothes off to know their identity

Saisha Shinde is seen in the show Lock Up these days. She keeps sharing her experience in the show. Now in the latest episode of the show, Sayyeshaa has made some shocking revelations. Sayesha told how trans women are made to undress in public to prove their identity. Sayesha got emotional and said, there are many trans women whose clothes are taken off to prove that they are women. We have to stop this injustice and we have to bring a lot of change in this world. All this will happen when people like me come forward and talk openly about it without any fear. She wants to give a new identity to a trans woman by winning the show - Let us tell you that during an interview earlier, Sayesha had said, 'This is one of the reasons I have come to represent my community in this show. But I want everyone to see me here as a normal person because that is what my community wants. We want you all to see us with respect. I want to win this show and be the first trans woman to win a reality show. There was a fight with Karanveer- Let us tell you that a few days ago there was an argument between Saisha and Karanvir. Actually, Karanvir had mistakenly called Saisha instead of Xi. Actually, Saisha was not able to use the smoking room, so she became very upset. Sayesha again looked in front of the camera and said you can't do this to us. Seeing all this, Karanvir comes to pacify them. But then Karanvir mistakenly calls him instead of Xi. Sayesha again says that not it. After this Nisha told everyone to pay attention while talking to Saisha. Saisha says that films are made on trans women and there is talk about their rights, but in reality it does not happen.



# बार एसोसिएशन एटा के चुनाव की उठापटक

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कहा जाता है कि चुनाव कैसे भी हों लेकिन चुनने की कला आना ही चुनाव माना जाता है परन्तु बकील अपने आप में विद्वान माने जाते है। लेकिन जब इस खेमे में चुनाव होते है तो बड़े-बड़े राजनीति के धुरंधर भी इस खेल में हाथ डालने सें डर जाते है या फिर दूर खड़े तमाशा देखते रहते है। अभी जनपद एटा के बार एसोसिएशन के चुनाव की सरगरमियाँ तेज हों चुकी है वही महीना भी अप्रेल हों गया है कि मौसमी गर्मी भी अपनी तलवार निकला कर हर किसी पर बार कर रहीं है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद की दौड़ में दो बड़े खिलाड़ी इस खेल में खुद चुके है। जिसमें एक अशोक सीकरवार एड. और रामनरेश मिश्रा शामिल है। बाक़ी पदों पर भी लगभग यहीं समीकरण मौजूद है जिससे वकील मतदाता बड़े चाव सें इस समय दावते उड़ा रहें है. क्योंकि चुनाव का आखिरी दाँव मतदान के दिन तय हों जाता है। जो इस खेल सें बाहर है वो जातियाँ इस चुनाव को और रोचक बनाये हुए है। वही दूसरा कारण यह भी है कि ठाकुर-पंडित के पेच में फस चूका है बार एसोसिएशन का चुनावज्.. एक तरफ अशोक सीकरवार एड के लिए वकीलों में जोश भरा हुआ है तो वही रामनरेश मिश्रा के लिए सम्मान भी मौजूद है।कुछ वोट ऐसा भी मौजूद है जिसे चुनाव लड़ाने और हराने में कोई दिलचस्पी नहीं है। उसे बस वोट करना हैज्बाक़ी तुम जानो.. तुम्हारा काम!!!स्फ और श्ङ्घ फेक्टर के अंदर की बात मानी जाये तो वोट अशोक सीकरवार एड.को आगे खड़ा करता दिखाई दे रहा है। वही मिश्रा को लड़ाने के पीछे के कारणों को देखे तो फिनिसिंग लाइन पर खड़ा कर दिया है.. बस ख़त्म करना बाक़ी रह गया है।महासचिव के पद का गणित इस चुनाव का अहम् रोल बना रहा है। अगर ब्राह्मण वोटर आनंद प्रकाश की तरफ पलटा तब फिर अशोक सीकरवार को जीतना तय मान लिया जाये।ऐसा इसलिए नहीं कि बाक़ी सभी इस चुनाव को सिर्फ खड़े होकर देख भर रहें है। स्फ वोटर महासचिव पद पर श्ङ्घ पद के लिए तो जा सकता है। लेकिन अध्यक्ष पद पर ब्राह्मण प्रत्याशी के लिए मतदान शायद ना करें.. ऐसा भी हों सकता है।क्यूंकि स्फ वोटर की ब्राह्मण प्रत्याशी सें प्रारम्भिक दौर सें ही बैचारिक मतभेद रहें है। ये मतदान के दौरान बड़े सें बड़े चुनाव में देखने को मिलता भी है। एंटी कम्बेंसी को रोकना बहुत मुश्किल काम है और यह काम अध्यक्ष पद पर लड़ रहें रामनरेश मिश्रा नहीं कर पाएंगेज्.महासचिव पद के प्रत्याशी आनंद प्रकाश पूरे चुनाव में कहीं भी मौजूद नहीं थे लेकिन अब जिसे भी लड़ना है आंनद प्रकाश सें ही लड़ना होगाज् क्यूंकि निचले स्तर पर युवाओं का वोट एक तरफ जा सकता है.. जिसे रोकना दो दिन में बहुत मुश्किलों भरा है।स्फ श्ङ्घ एक सीट पर एक मत होकर वोट करना ही आंनद प्रकाश के लिए प्लस पॉइंट है।वही अशोक सीकरवार एड.के पिछले बर्ष के चुनाव हारने के बाद भी मैदान में आना भी अशोक सीकरवार के लिए वरदान साबित होने जा रहा है. ऐसा हम नहीं कह रहें हैज्ऐसा बार एसोसिएशन के बुजुर्ग व विद्धान मतदाता बोल रहें है कि एक बार तो अशोक का अध्यक्ष पद बनता हैज् बाक़ी मिश्रा जी फिर देख लेगेज् अब इन बातो के क्या मायने निकाले जा सकते है.. मतदाताओं का मूड हैज्.गणित के खेल में गणित कभी फेल नहीं हुआ है क्योंकि मतदाता उसी गणित का बड़ा अंक साबित होता है जब वो अपने मत का प्रयोग करता है। और यह खेल अशोक सीकरवार को प्लस में रखने वाला हैबार एसोसिएशन के सभी सदस्य मतदान जरूर करें क्योंकि मतदान आवश्यक है.

# एटा कोतवाली नगर का उचिक निरीक्षण

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




एटा-उदय शंकर सिंह बरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा ने देवेन्द्रनाथ मिश्रा कोतवाल कोतवाली नगर एटा कोतवाली जनपद में पत्रव्यवहार में नम्बर एक की उपाधि से नवाजा महामृत्युंजय दर्शन दैनिक उत्तर प्रदेश के जनपद एटा की कानून ब्यवस्था में चार चांद लगाने वाला मंत्र फैसला ऑन दा स्पोट बुलडोजर जो कोतवाली नगर के क्षेत्र में काम कर दिखा है, कप्तान ने एटा जनपद के अपराध के सिंडगेट की कुर्सी की कमर तोड़ी है, जनपद एटा के ददा पर 77मुकद्दमें छोटे पर 75 मुकद्दमें दर्ज है, शराब माफिया रामू पर 66मुकद्दमें दर्ज है, अपराधियों के खाचे खराब हो गये है,कानून ब्यबस्था खाकी ने संभाली फैसला ऑन दा स्पोट बुलडोजर से खाकी माई लोड तुम्हारी जरूरत नही है, उत्तर प्रदेश की जनता को सुरक्षा पहले वाद में दाल रोटी चाहिए, जनपद एटा में अपराधियों के किले ध्वस्त करने वाले कप्तान का उत्तर प्रदेश में साफ संदेश है, अपराधियों जनपद से तड़ीपाड करने सिंघम उदय शंकर सिंह बरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा हमारे वीच में है, जो अपराधी जिस भाषा में समझेगा उसको उसभाषा में जवाव मिलेगा

# दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत 30 अप्रैल तक करें आवेदन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी डॉ0 अजीत कुमार ने यह जानकारी देते हुये बताया है कि दिव्यागंजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत दम्पति में युवक के दिव्यांग होने की दशा में 15000 रूपये, युवती के दिव्यांग होने की दशा में 20000 रूपये तथा युवक एवं युवती दोनों के दिव्यांग होने की दशा में 35000 रूपये की धनराशि प्रोत्साहन स्वरूप दम्पति के संयुक्त खाता संख्या में प्रदान की जाती है। इस योजनान्तर्गत जनपद में निवासरत ऐसे दिव्यांगजन जिनका विवाह गतवर्ष या वर्तमान वित्तीय वर्ष में सम्पन्न हुआ हो, एवं विवाह का पंजीकरण करा लिया हो, वो अपना आवेदन पत्र किसी भी जनसेवा केन्द्र से विभागीय पोर्टल http://divyangjan.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन कराकर उसकी हार्डकापी दिनांक 30 अप्रैल 2022 तक कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी एटा को समस्त आवश्यक प्रपत्र दम्पति का संयुक्त फोटो, विवाह पंजीकरण प्रमाण-पत्र, जिनकी वार्षिक आय शासन द्वारा गरीबी रेखा के लिए निर्धारित आय सीमा के दो गुने से अधिक न हो, मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र 40 प्रतिशत या उससे अधिक हो, दम्पति का राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त खाता संख्या, विवाह के समय युवती की उम्र 18 वर्ष एवं युवक की उम्र 45 वर्ष से अधिक न हो, विवाह गतवर्ष या वित्तीय वर्ष में ही हुआ हो, दम्पति का मूल निवास प्रमाण पत्र सहित उपलब्ध कराकर इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं

# राज्य महिला आयोग की सदस्य रामसखी कठेरिया ने सुनी महिला उत्पीड़न समस्याएं, अधिकारियों को दिये प्रभावी निराकरण के निर्देश

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-राज्य महिला आयोग उ0प्र0 की सदस्य श्रीमती रामसखी कठेरिया ने कहा कि राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीडन की रोकथाम, पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने तथा आवेदकों की सुविधा की दृष्टि से जिला स्तर पर महिला उत्पीड़न के मामलों हेतु जनसुनवाई की व्यवस्था की गई है। शासन का प्रयास है कि महिलाओं को किसी भी प्रकार की समस्या न हो, उनकी सुनवाई प्राथमिकता के आधार पर प्रत्येक थाने में की जाए। इसके साथ ही महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से महिला हैल्पलाईन नम्बरों को व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाए। मिशन शक्ति के चतुर्थ फेज में राज्य सरकार महिलाओं के हितो की रक्षा के लिये पूरी तरह कटिबद्ध है। महिला आयोग की सदस्य श्रीमती रामसखी कठेरिया ने बुधवार को एटा जिले के पीडब्लूडी निरीक्षण भवन में पहुंचकर महिला उत्पीड़न के मामलों की सुनवाई की। उन्होंने कहा कि शासन महिला उत्पीड़न के मामलों में बेहद संवेदनशील है, महिला उत्पीडन के मामलों में दोषी लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने और पीडित महिलाओं को राहत पहुंचाने के लिये अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से शासन के महत्वपूर्ण निर्णयों एवं योजनाओं का जिले में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

इसके साथ ही संबंधित अधिकारियों द्वारा महिला उत्पीडन के मामलों में समय से प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, जिससे जिलेभर की महिलाओं को न्याय मिल सके। गैस्ट हाउस में आयोजित जनसुनवाई के दौरान 08 महिला उत्पीड़न संबंधी प्रकरण प्रस्तुत किए गए। जैथरा निवासिनी पीडिता द्वारा लक्ष्मीबाई सम्मान योजना की धनराशि खाते में न पहुॅचने, बिरमादेवी पत्नी वालिस्टर सिंह ने पुत्र द्वारा उत्पीडित किये जाने तथा अन्य पीडित महिलाओं द्वारा दहेज, घरेलू हिंसा, मारपीट, धोखाधडी करने आदि की शिकायते की जिन्हें संबंधित अधिकारियों को पृष्ठांकित कर उनके शीघ्र गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी कालू सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी यश वर्मा, बाल संरक्षण अधिकारी सुखवीर सिंह, महिला थानाध्यक्ष नन्दनी सिंह, सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण आदि मौजूद थे।

# सीवर लाइन खुदाई कार्य के चलते शहर में यातायात व्यवस्था हुई ध्वस्त

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-सीवर लाइन के चलते घंटों जाम में फंसे रहे वाहन। ओवरलोड वाहन और भारी वाहन के चलते शहर में लगा रहा भीषण जाम। जिला पुलिस प्रशासन की रूट चार्ट व्यवस्था के बाद भी यातायात व्यवस्था हुई धड़ाम। जाम खुलवाने में पुलिस को छूटे पसीने। वर्षों बीत जाने के बाद सीवर लाइन के चलते शहर की यातायात व्यवस्था हुई फेल। एटा बस स्टेण्ड से डग्गामार बसों के संचालन के कारण शहर की यातायात व्यवस्था हुई फेल। बनगांव चौकी के सामने से डग्गामार बसों का संचालन होना शहर की यातायात व्यवस्था पर उठा रहा सवाल।



आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# हड़ताली मनरेगा कर्मचारियों को जिला पंचायत अध्यक्ष महोदया के द्वारा दिया गया समर्थन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-सरकार के वादाखिलाफी के कारण 2 सूत्री मांगों को लेकर मनरेगा कर्मचारी संघ 4 अप्रैल से है अनिश्चितकालीन हड़ताल पर। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत कार्यरत सभी कर्मचारियों के द्वारा 2 सूत्रीय मांगों को लेकर 4 अप्रैल 2022 से हड़ताल एवं धरना पर हैं। जिसकी समर्थन हेतु जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री शिवभजन सिंह मरावी के द्वारा आज दिनांक 21 अप्रैल 2022 को धरना स्थल के मंच पर आकर अपना समर्थन दिया और उनके द्वारा बोला गया की मनरेगा कर्मचारियों का यह मांगे पूर्णता जायज है जिसे सरकार को जल्द से जल्द इनकी मांगों पर विचार करनी चाहिए और पूर्ण भी करनी चाहिए । उनके द्वारा बताया गया कि मनरेगा कर्मचारी हड़ताल पर जाने पर लाखों मजदूरों को मजदूरी नहीं मिल पा रही है। जिससे मजदूरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी क्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष महोदया श्रीमती राजकुमारी मरावी के द्वारा माननीय श्री भूपेश बघेल मुख्यमंत्री महोदय जी को इनकी मांगों को लेकर उन्हें पत्र के माध्यम से 2 सूत्री मांगों जैसे 1. चुनावी घोषणा पत्र को आत्मसात करते हुए समस्त मनरेगा कर्मियों का नियमितीकरण किया जावे। 2. नियमितीकरण की प्रक्रिया पूर्ण होते तक रोजगार सहायकों का ग्रेड पे निर्धारण कर समस्त मनरेगा कर्मियों पर सिविल सेवा नियम 1966 के साथ पंचायत कर्मी नियमावली लागू किया जावे। पत्र भेजकर मुख्यमंत्री महोदय जी को अवगत कराया गया है और उनकी मांगों को जल्द से जल्द पूर्ण करने को कहा गया है। ताकि मनरेगा कर्मचारियों की वापसी के बाद मनरेगा मजदूरों को प्रति दिवस उनको मजदूरी मिल सके। छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष के द्वारा बताया गया कि मनरेगा कर्मचारियों के द्वारा अपने मांगों को लेकर हड़ताल में चले जाने से पूरे प्रदेश के मनरेगा मजदूरों को रोजगार के लाले पड़ गए हैं। आलम यह है कि आज की तारीख में सूरजपुर जिला में मनरेगा अंतर्गत एक भी मजदूरों को काम नहीं मिला है। जबकि पूरे प्रदेश में मनरेगा के तहत 4299897 परिवार पंजीकृत हैं एवं 10049404 मजदूर पंजीकृत हैं।

# रमेश बने वाहन चालक संघ के प्रदेश प्रचार सचिव

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-छ.ग. प्रदेश शासकीय, अर्धशासकीय वाहन चालक एवं यांत्रिकी कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सत्यप्रकाश बाघ के द्वारा सूरजपुर में कार्यरत जनसम्पर्क विभाग के रमेश राजवाडे को वाहन चालक संघ का प्रदेश प्रचार सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। नव नियुक्त प्रदेश प्रचार सचिव रमेश ने बताया कि संघ ने उन्हे जो जिम्मेदारी सौपी है उसका वे बखूबी पालन करेंगे और प्रांत के वाहन चालक कर्मचारियों के हित में कार्य करेंगे। इनके प्रदेश प्रचार सचिव नियुक्त किये जाने से संघ के सदस्यों में हर्ष व्याप्त है। शासकीय वाहन चालक संघ के जिला अध्यक्ष परमेष्वर राम देवांगन बने सूरजपुर ।शासकीय, अर्धशासकीय वाहन चालक एवं यांत्रिकी कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष सत्यप्रकाश बाघ के निर्देशन में प्रदेश प्रचार सचिव रमेश राजवाड़े के अगुवाई में सूरजपुर में कार्यरत राजस्व विभाग के परमेष्वर राम देवांगन को सर्वसम्मति से शासकीय वाहन चालक संघ का जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। श्री देवांगन ने कहा कि वे संघ के विष्वास पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे और शीघ्र ही कार्यकारिणी का विस्तार करेंगे।

# लाखों रुपए की लागत से बना पानी टंकी हुआ जर्जर किसी भी दिन हो सकता है बड़ी दुर्घटना

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-मिली जानकारी के अनुसार जिले के जनपद पंचायत भैयाथान के प्रांगण में बना लाखों रुपए का पानी टंकी हुआ बुरी तरह से जर्जर जिसके कई हिस्से ऊपर से टूट कर लटक रहे हैं किसी भी दिन हो सकता है गंभीर हादसा और सबसे बड़ी महत्वपूर्ण बात यह है कि जिले के जनपद पंचायत भैयाथान का प्रांगण काफी भीड़भाड़ वाला एरिया है क्योंकि इसी पानी की टंकी के नीचे सरपंच सदन है और बगल में खंड शिक्षा अधिकारी का कार्यालय भी है और जनपद कार्यालय होने के नाते यहां पर काफी संख्या में भीड़ रहती है समाचार पत्र के माध्यम से कई बार इस जर्जर टंकी के बारे में शासन का ध्यानाकर्षण कराने की कोशिश की गई किंतु आज तक कोई पहल नहीं की गई किसी भी दिन कोई बड़ा हादसा हो सकता है यह टंकी लगभग 15 साल पहले का बना हुआ है जो काफी दयनीय स्थिति में है

# एनएसयूआई प्रतिनिधि मंडल राष्ट्रीय महासचिव से मिला

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- दतिमा मोड़- छत्तीसगढ़ एनएसयूआई के प्रतिनिधि मंडल द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यालय नई दिल्ली में कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल से भेंट कर प्रदेश एनएसयूआई की संगठनात्मक गतिविधियों को अवगत कराते हुए कहा गया कि वर्तमान प्रदेश एनएसयूआई पदाधिकारी संगठन के वरिष्ठ,समर्पित कार्यकर्ताओ की अनदेखी की जा रही। सूरजपुर एनएसयूआई के पूर्व जिलाध्यक्ष जाकेश राजवाड़े द्वारा कहा गया कि जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में संगठन की नींव रखी ऐसे कार्यकर्ताओं को दरकिनार कर भेदभाव पूर्ण कार्यशैली गुटीय राजनीति को बढ़ावा दिया जा रहा है, हमारे वरिष्ठ नेताओं पर आरोप-प्रत्यारोपण ऐसी कार्यशैली संगठनात्मक सोच के विपरीत विचारधारा को दर्शाता है जिससे संगठन की गौरवशाली इतिहास एवं संगठन की छवि धूमिल हो रही राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल जी द्वारा एनएसयूआई प्रतिनिधि मंडल द्वारा प्रस्तुत बिंदुवार समस्त विषयों पर एनएसयूआई राष्ट्रीय अध्यक्ष से चर्चा उपरांत उचित निराकरण की बात कही गई। एनएसयूआई प्रतिनिधि मंडल में प्रमुखरूप से पूर्व प्रदेशमहासचिव आतिफ रजा,बिलासपुर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष तनमीत छाबड़ा,सूरजपुर जिलाध्यक्ष जाकेश राजवाड़े, कोंडागाँव जिलाध्यक्ष पीताम्बर नाग, प्रदेशप्रवक्ता आयुष पांडेय, जिलामहासचिव अभिलाष रजक, नाजिम हुसैन प्रमुखरूप से उपस्थित थे।

# निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन मरीज पा सकेंगे स्वास्थ्य लाभ

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जिले के एकमात्र मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल जिसमें इआधुनिक उपकरणों के द्वारा जांच एवं बाहर से आए अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा बेहतर इलाज के लिए कल लगेगा शिविर लाइफ केयर हॉस्पिटल के चीफ और डायरेक्टर आयशा जियाउल हक अंसारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल शुक्रवार को बाहर से आए अनुभवी डॉक्टरों के द्वारा बेहतर से बेहतर इलाज के लिए और मानव सेवा के उद्देश्य से लाइफ केयर हॉस्पिटल के एमडी के द्वारा तमाम सुविधाओं से लैस शिविर का आयोजन किया गया है चीफ से जब बातचीत हुई तो पता चला किया हॉस्पिटल पूर्ण रूप से सुविधाजनक है और इस हॉस्पिटल में मेडिकल और पैथोलॉजी लैब उपलब्ध है और हॉस्पिटल के चीफ ने यह भी बताया की सबसे पहले मानव सेवा ही इस हॉस्पिटल का कर्तव्य रहेगा और मरीजों को किसी भी प्रकार का कोई असुविधा ना हो इस बात का पूरा ख्याल रखा जाएगा

# जनसंवाद शिविर में 64.47 लाख रुपए के 9 कार्यों का शिलान्यास-लोकार्पण

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला-पेंड्रा-मरवाही- छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने आज गौरेला विकासखंड के ग्राम पंचायत नेवसा में आयोजित प्रशासन आपके द्वार के तहत जिला स्तरीय जनसंवाद शिविर में ग्रामीणों को संबोधित किया। उन्होंने शिविर में महिला सांसद, महिला कलेक्टर, महिला जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति पर खुशी प्रगट की। उन्होंने कहा कि महिला शक्ति पुरूष शक्ति से आगे है। उन्होंने महिलाओं को जनसमस्याओं के समाधान के लिए, उनकी भलाई के लिए और जनकल्याण के लिए लड़ने और गांव, प्रदेश और देश के विकास में आगे आने कहा। डॉ. महंत ने कहा कि ग्रामीणों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए भटकना पड़ता था, अब प्रशासन आपके द्वार जनसंवाद शिविर के माध्यम से उनकी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। उन्होने बेहतर ढंग से कार्य निभाने पर कलेक्टर और जिला प्रशासन के अधिकारियों की प्रशंशा की। सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने भी महिलाओं की उपस्थिति पर प्रशन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि नारी शक्ति महान शक्ति होती है। महिला की दर्द महिला समझ सकती है। उन्होने गौरेला जनपद पंचायत अध्यक्ष सुश्री ममता पैकरा की मांग पर नेवसा हाई स्कूल में अतिरिक्त कक्ष के लिए 5 लाख रुपए की घोषणा की। सुश्री पैकरा की मांग पर विधानसभा अध्यक्ष ने नेवसा हाई स्कूल में बाउंड्री वाल के लिए घोषणा की और डीएमएफ-मनरेगा मद से जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने कलेक्टर को निर्देश दिए। विधायक डॉ. के के ध्रुव और जनपद अध्यक्ष सुश्री ममता पैकरा ने भी ग्रामीणों को संबोधित किया और जनसंवाद शिविर आयोजन को राज्य सरकार की अच्छी पहल बताते हुए जिला अधिकारियों को उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने कहा। इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य सुश्री अर्चना स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।